प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 25.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- प्रदेश की 37 जिला परिषदों के लिए आज जिला प्रमुख चुने जायेंगे–उप जिला प्रमुख का चुनाव कल होगा।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के **समावेश** और नए ई–अनुदान पोर्टल की आज से शुरूआत होगी।
- राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 के माध्यम से सितम्बर और अक्टूबर महीने में साढ़े 7 लाख से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया गया।
- राज्य में मार्गशीर्ष माह की शुरूआत सर्दी के साथ–दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज।

0000

प्रदेश की 37 जिला परिषदों में आज जिला प्रमुख चुने जायेंगे। इसके लिए सुबह 11 बजे तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्त होते ही वोटो की गिनती की जाएगी। उप प्रमुखों का चुनाव कल किया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इधर जिला प्रमुख के चुनाव को लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों में गहमागहमी बनी हुई है। कई प्रमुख सीटों पर सभी की नजर टिकी हुई है और समीकरण बैठाये जा रहे है। चूरू से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां भाजपा और कांग्रेस दोनो दलों के समर्थक अपने प्रत्याशी को जिताने को लेकर पूरी जोर आजमाइश कर रहे है। प्रदेश में 22 अक्टूबर से चार चरणों में हुए पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के तहत जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए 20 नवम्बर को मतगणना हुई थी। आज जिला प्रमुखों के चुनाव के साथ ही चार जिलों को छोड़कर शेष जिलों में पंचायतीराज संस्थाओं के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच जाएगी। पंचायत समितियों में प्रधान का चुनाव 27 नवम्बर को होगा। वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना अगले महीने की 17 तारीख को होगी। इन चार जिलों में जिला प्रमुख का चुनाव 22 दिसम्बर और प्रधान का निर्वाचन 24 दिसम्बर को कराया जाएगा।

0000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि सरकार राज्य को ग्रीन एनर्जी का हब बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वे कल जयपुर में विभागीय ऊर्जा समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को राज्य में 6 हजार मेगावाट आवर क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजनाएं अगले साल नवम्बर तक पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी परियोजना डेवलपर्स को निर्धारित समय–सीमा में काम पूरा करने को कहा। श्री नागर ने कहा कि इन परियोजनाओं से नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतर उपयोग, ग्रिड की स्थिरता और बिजली की विश्वसनीय आपूर्ति में मदद मिलेगी। साथ ही, अधिक मांग के समय सस्ती बिजली उपलब्ध हो सकेगी। श्री नागर ने गिरल और सूरतगढ़ में जेएसडब्ल्यू की ओर से स्थापित की जा रही 250 मेगावाट आवर क्षमता की परियोजनाएं अगले महीने तक पूरी करने को कहा।

0000

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार और राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा आज नई दिल्ली में **समावेश** और नए ई–अनुदान पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। **समावेश** एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने विकसित किया है। इसके माध्यम से विभाग की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और संगठनात्मक पोर्टलों को एक ही मंच पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्लेटफॉर्म पर **सामाजिक सहायक** नाम से एक एआई आधारित चैटबॉट भी होगा, जो 22 से अधिक क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी और सहायता उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान भी किया जाएगा।
पहला समझौता सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग तथा भाषिणी के बीच होगा। वहीं दूसरा समझौता विभाग तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम–एनएसडीसी के बीच किया जायेगा।

0000

राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 के माध्यम से सितम्बर और अक्टूबर महीने में साढे 7 लाख से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया गया है। यह जानकारी मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जयपुर में हेल्पलाइन की प्रगति की समीक्षा की बैठक के दौरान दी। उन्होंने शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने को कहा। मुख्य सचिव ने शिकायतों के सही श्रेणीकरण और हेल्पलाइन कार्मिकों के प्रशिक्षण पर भी जोर दिया। समीक्षा बैठक में बताया गया कि दोनों महीनों में शिकायतों के निस्तारण की औसत अवधि 10 दिन रही। वहीं, केंद्र सरकार के जनशिकायत पोर्टल से प्राप्त 9 हजार से अधिक प्रकरणों का भी निस्तारण किया गया।

0000

जयपुर पुलिस ने करीब 400 करोड़ रुपये के ड्यूटी क्रेडिट स्क्रिप घोटाले में नौ महीने से फरार आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार किया है। जयपुर सिटी स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान ने बताया कि आरोपी चोरी की गई स्क्रिप अपने आईसीईगेट खाते में ट्रांसफर करवाकर आयातकों को बेचता था। पुलिस ने इस वर्ष अप्रैल में इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों ने फर्जी डिजिटल हस्ताक्षरों के जरिए विदेश व्यापार महानिदेशालय के पोर्टल पर 400 से अधिक कंपनियों की प्रोफाइल में बदलाव कर धोखाधड़ी की थी। गौरतलब है कि ड्यूटी क्रेडिट स्क्रिप निर्यातकों को विदेश में सामान भेजने के बदले मिलने वाला एक तरह का प्रोत्साहन है, जिसका उपयोग आयात शुल्क में छूट के लिए किया जा सकता है। उधर डीडवाना–कुचामन जिले में फर्जी जीएसटी और इनपुट टैक्स क्रेडिट के करीब 42 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में करीब 60 फर्मों के माध्यम से 42 करोड़ रुपये के फर्जी लेनदेन का मामला सामने आया है।

000000

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कल प्रदेशभर में कई स्थानों पर मेले भरे। लोगों ने पवित्र सरोवरों और जलस्त्रोतों में कार्तिक स्नान कर दानपुण्य किया। सवाईमाधोपुर जिले के रामेश्वर धाम स्थित त्रिवेणी संगम पर मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंहुचे। वहीं पाली के बीसलपुर में कोम्बेश्वर महादेव मंदिर में लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं झालावाड़ में श्रद्धालुओं ने पवित्र चन्द्रभागा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। कार्तिक स्नान के बाद प्राचीन चन्द्रमोलेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर ग्रामीण परिवेश में आयोजित पारंपरिक मेले को देखकर विदेशी पर्यटक भी खासे आकर्षित नजर आए।

00000

राज्य में मार्गशीर्ष माह की शुरूआत सर्दी के साथ हो रही है। बीतते नवम्बर के साथ ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है। इससे दिन में भी मामूली ठंड महसूस की जा रही है। वहीं सुबह और शाम सर्दी का असर बढ़ गया है। लोग ऊनी वस्त्रों में लिपटे नजर आ रहे है। कुछ इलाकों में रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। इससे ठिठुरन बढ़ गयी है। मौसम विभाग के अनुसार 13 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। 4 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस के साथ फतेहपुर में सबसे सर्द रात दर्ज हुई। वहीं नागौर में 5 दशमलव 6 और सीकर में 6 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। राज्य के पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंटआबू में भी पारा लुढककर 7 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस पर पंहुच गया है। विभाग ने अगले एक हफ्ते मौसम के शुष्क रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

0000